# हिन्दी विभाग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)

## AEC- Environmental Studies for Regular and Pvt Students

### Assignment Topic - पर्यावरण अध्ययन

| Sn | Topic | Students' name |
|---|---|---|
| 1 | आपके क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों के नाम, उनसे पर्यावरण को होने वाले लाभ तथा मनुष्य के द्वारा उनके प्रति किए जाने वाले व्यवहार का वर्णन कीजिए। उनके संरक्षण में आपके द्वारा किस प्रकार प्रयास किए जाएंगे ? | |
| 2 | आपके आसपास पाए जाने वाले समस्त प्रकार के चर–अचर जीव/वस्तुओं के नाम लिखिए। ये किस प्रकार प्रकृति को प्रभावित करते हैं ? | |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | आपके गाँव के तालाब में पाए जाने वाले जीवों के नाम, उनकी खाद्य सामग्री, जीवन शैली आदि का वर्णन करें। उनके संरक्षण में आपके द्वारा क्या उपाय किए जाएंगे ? | |
| 4 | आपके क्षेत्र में स्थापित पॉवर प्लांट्स से होने वाले वायु प्रदूषण का उल्लेख करें। उनके अधिकारियों से मिलकर पॉवर प्लांट से उत्सर्जित कार्बन आदि की मात्रा का उल्लेख करें तथा कम–से–कम वायु प्रदूषण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी लिखिए। | |
| 5 | आपके क्षेत्र में स्थापित पॉवर प्लांट्स से होने वाले जल प्रदूषण का उल्लेख करें। उनके अधिकारियों से मिलकर कम–से–कम जल प्रदूषण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास तथा पर्यावरण संरक्षण में किए गए उपायों का लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | आपके गाँव में कितनी प्रकार की मिट्टियाँ हैं ? उनसे क्या–क्या फसलें ली जाती हैं ? पॉवर प्लांट्स से जमीन को होने वाले नुकसान के बारे में लिखिए। इस नुकसान से कैसे बचा जा सकता है ? अपना विचार लिखिए। | |
| 7 | आपके गाँव में उपलब्ध छोटे–बड़े पौधों के नाम लिखिए। उनसे मानव जीवन को होने वाले लाभ का वर्णन करें। | |
| 8 | आपके गाँव में उपलब्ध ऐसे पौधों के नाम लिखिए, जिसे या जिसके किसी हिस्से को आप खाने में उपयोग करते हैं। किस प्रकार उपयोग करते हैं? बड़ों से पूछकर उसके फायदे भी लिखें। | |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | आपके नजदीकी किसी पर्वत/पहाड़ और नदी/नाले, आपके गाँव को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? उनसे होने वाले फायदे या नुकसान का वर्णन करें। | |
| 10 | आपके गाँव या नजदीकी गाँव में अतिवृष्टि या अनावृष्टि के कारण हुए किसी प्रकार के नुकसान का वर्णन करें। फसल नुकसान, किसी की छत गिर गई या अन्य, के रूप में जो भी हो, वर्णन करें। | |
| 11 | आपके गाँव की बाड़ियों /खलिहानों में उगाए जाने वाले सब्जियों के नाम, उगाने के तरीके और उनसे मनुष्य को होने वाले आर्थिक/शारीरिक लाभ बताएँ। | |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | आपके नजदीकी किसी पर्वत में आग लगने के कारण फलदार पौधे, इमारती पेड़ों तथा वन्य जीवों आदि को हुए नुकसान का वर्णन करें। वन्य संरक्षण में आपके द्वारा क्या प्रयास किए जा सकते हैं ? लिखें। | |
| 13 | अतिवृष्टि के कारण नदी / नाले की तटें अथवा पहाड़ों की तलहटी की मिट्‌टी के कट जाने अथवा बह जाने से मानव जीवन और प्रकृति को होने वाले नुकसान का वर्णन करें। इससे (मृदा अपरदन से) बचने के उपाय भी लिखें। | |